प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

22.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

प्रधानमंत्री अमृत भारत स्टेशन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज राजस्थान के बीकानेर से एक सौ 3 अमृत भारत स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत इन स्टेशनों को अपग्रेड और पुनर्विकसित किया गया है। इन स्टेशनों को क्षेत्रीय संस्कृति और विरासत प्रदर्शित करते हुए शहर के केंद्र के रूप में विकसित किया गया है। इन स्टेशनों में कांगड़ा जिला में बैजनाथ—पपरोला रेलवे स्टेशन भी शामिल है। उत्तर रेलवे के जम्मू संभाग के वरिष्ठ वाणिज्य मंडल प्रबंधक उचित सिंह ने बताया कि 8 करोड़ रूपये की लागत से पुनर्विकसित बैजनाथ पपरोला रेलवे स्टेशन में कई आधुनिक सुविधाएं सृजित की गई हैं जिससे स्थानीय लोगों सहित पर्यटकों को भी सुविधा होगी।

*हिमाचल प्रदेश के बैजनाथ □□रोला रेलवे स्टेशन का □ुनर विकास कार्य □ूर्ण हो चुका है, जो की लगभग आठ करोड की लागत से □ुनः विकसित किया गया है। इसका माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा कल वीडियो कान्फ्रेन्स के माध्यम से उद्घाटन किया जाएगा। यह स्टेशन इसलिए भी महत्व□ूर्ण है क्योंकि धार्मिक स्थल एवं सांस्कृतिक स्थल इसकी □रिधि में हैं। इस स्टेशन □र □ुन:विकास के तहत दिव्यांगजनों की सुविधाओं के अनुकूल बनाया गया है। इस स्टेशन □र प्रवेश द्वार □र रें□ का विकास, नवीनी कृत शौचालये , जल बूथ , कोच गायडेंस सिस्टम, नवीनी कृत रेस्ट रूम, वेटिंग रूम वे कार्यकारी लाउंज आधी सुविधाएं प्रदान की गई हैं। इससे यात्रियों को बहतर सुविधा मिल □एगी।*

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का आज अपने दिल्ली दौरे के दौरान कई केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात करने का कार्यक्रम प्रस्तावित है। उन्होंने कंद्रीय वित्त मंत्री और पर्यटन मंत्री से मिलने का समय मांगा है। मुख्यमंत्री कल 16वें वित्तायोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढिया से मुलाकात करेगें। इसके बाद मुख्यमंत्री 24 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में होने वाली नीति आयोग की बैठक में भाग लेंगे।

तिरंगा यात्रा

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य पर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी द्वारा भारतीय सेना के सम्मान में तिरंगा यात्राएं जारी हैं। यात्राओं के दौरान सेना के शौर्य, पराक्रम और बलिदान को याद किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज सिरमौर के तीन स्थानों नाहन, पॉवटा साहिब और पच्छाद के सरांह में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। नाहन व पॉवटा साहिब की तिरंगा यात्रा में पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर, भापजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल सांसद सुरेश कश्यप सहित कई नेता मौजूद रहेंगे। वही चुराह विधानसभा क्षेत्र में भाजपा मंडल चुराह तिरंगा यात्रा निकालेगी जिसमें भाजपा विधायक हंसराज  इसकी अगुवाई करेंगे। आज उना जिला मुख्यालय में भी तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी जिसमे विधायक सतपाल सत्ती सहित भाजपा कार्यकर्ता पूर्व सैनिक और विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

प्रदर्शनी

शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान  में केंद्र सरकार के वस्त्र मंत्रालय की ओर से एकता प्रदर्शनी लगाई गई है। 26 मई तक चलने वाली प्रदर्शनी में मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हिमाचल और जम्मू–कश्मीर के कारीगर भी भाग ले रहे हैं। विस्तृत ब्योरे के साथ हमारे शिमला संवाददाता

शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान  में केंद्र सरकार के वस्त्र मंत्रालय की ओर से एकता प्रदर्शनी लगाई गई है। इसमें ऊन, जूट और रेशम के उत्पाद लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। 26 मई तक चलने वाली प्रदर्शनी में मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हिमाचल और जम्मू–कश्मीर के कारीगर भी भाग ले रहे हैं। यह प्रदर्शनी एकता मंच वस्त्र मंत्रालय और हिमाचल सरकार की एक संयुक्त पहल है। इसका उद्देश्य ऊन, जूट और रेशम शिल्प, कपड़ा व्यवसायियों, नीति निर्माताओं और कारीगरों के लिए एक व्यापक मंच प्रदान करना है।

राजस्व मंत्री

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कल   वन अधिकार अधिनियम–2006 के संबंध में समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि वर्ष 2006 में वन अधिकार अधिनियम को राष्ट्रपति की स्वीकृति प्रदान की गई थी और 1 जनवरी, 2008 से वन अधिकार नियम लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि एफआरए 2006 के तहत अनुसूचित जनजाति व अन्य सभी श्रेणी के सदस्य या समुदाय जो 13 दिसंबर, 2005 से पहले कम से कम तीन पीढ़ियों से प्राथमिक रूप से वन भूमि पर निवास करते आ रहे हैं और अपनी आजीविका के लिए वन या वन भूमि पर निर्भर हैं,उन्हें  भूमि का अधिकार दिया जाएगा। उन्होंने बैठक में एफआरए के संबंध में कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी दिए।

सुर्खियां समाचार पत्रों से......

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने शिक्षा बोर्ड के 12वीं के संशोधित परिणाम और विमल नेगी केस से जुडी खबर को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला की सुर्खी है– संशोधन के बाद 5 दशमलव चार आठ प्रतिशत बढ़ गया 12वीं की परीक्षा परिणाम, अब 88 दशमलव छह चार प्रतिशत पास

दैनिक जागरण का शीर्षक है–जमा दो कक्षा के संशोधित परिणाम में 88 दशमलव छह चार प्रतिशत विद्यार्थी पास।

दैनिक भास्कर की खबर है पीडब्लयूडी में बेलदार को घर बैठे वेतन जारी करने का मामला, 7 जेई समेत बिल जारी करने वाले कर्मचारी होंगे चार्जशीट, आदेश जारी।

हिमाचल दस्तक ने लिखा है विमल नेगी केस में हाई कोर्ट ने सुरक्षित रखा फैसला।

पंजाब केसरी ने मौसम पर सुर्खी दी है– पालमपुर–घुमारवीं मे भारी ओलावृष्टि, कसौली आकाशवाणी केंद्र पर बिजली गिरी, शिमला सोलन में दिन में ही अंधेरा।

---